web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 23 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 27

## इंडियन नेवी की बढ़ी ताकत, रक्षा मंत्री ने लॉन्च की चौथी परमाणु पनडुब्बी

**नई दिल्ली । आरएनएस**



भारत ने विशाखापत्तनम में शिप बिल्डिंग सेंटर (एसबीसी) में अपनी चौथी परमाणु संचालित बैलिस्टिक मिसाइल (एसएसबीएन) पनडुब्बी को लॉन्च किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विशाखापट्टनम के शिप बिल्डिंग सेंटर में इसे लॉन्च किया था। इसमें 75प्रतिशत सामान भारत में बने हैं। इसका कोड नेम कोडनेम स्4 है। ये पैतीस सौ किलोमीटर की मारक क्षमता वाली न्यूक्लियर बैलिस्टिक मिसाइल से लैस है।

नौसेना की एस4 पनडुब्बी 3,500 किमी रेंज वाली के-4 परमाणु बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस की है, जिन्हें वर्टिकल लॉन्चिंग सिस्टम के माध्यम से दागा जा सकता है। जबकि अपनी श्रेणी का पहला आईएनएस अरिहंत 750 किमी रेंज वाली के-15 परमाणु मिसाइलों को ले जा सकता है। आईएनएस अरिहंत और आईएनएस अरिघाट दोनों पहले से ही गहरे समुद्र में गश्त कर रही हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा योजनाकारों ने भारत की पहली परमाणु पनडुब्बी आईएनएस चक्र को एस1 नाम दिया था, आईएनएस अरिहंत को एस2, आईएनएस अरिघात को एस3, आईएनएस अरिदमन को एस4 नाम दिया गया है। अपनी श्रेणी की आखिरी पनडुब्बी एस4 है जिसका औपचारिक नाम अभी बाकी है।

चीन जैसे शक्तिशाली विरोधियों के खिलाफ पनडुब्बी पर केंद्र सरकार विशेष ध्यान दे रही है। यही कारण है कि सरकार ने भारतीय नौसेना के लिए तीसरे विमानवाहक पोत के मुकाबले परमाणु हमले और बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों को प्राथमिकता दी है। सरकार ने इस साल दिसंबर में चालू होने वाली कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर के साथ पारंपरिक पनडुब्बी की क्षमता को भी बढ़ा दिया है।

### बेंगलुरु में बड़ा हादसा

## लगातार बारिश के चलते इमारत गिरी, 17 से अधिक लोग मलबे में दबे; 3 की मौत



**बेंगलुरु । आरएनएस**

कर्नाटक में लगातार हो रही बारिश के कारण बेंगलुरु के हेनूर के पास बाबूसबपाल्या में एक निर्माणाधीन इमारत ढह गई। इस हादसे में 20 से अधिक मजदूर मलबे में दब गए। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और आपदा राहत दल मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। फिलहाल, तीन मजदूरों को मलबे से बाहर निकाल लिया गया है, जिनमें से तीन की मौत हो गई है। अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मलबे में अभी भी 17 से अधिक लोगों के फंसे होने की आशंका है।

स्थानीय प्रशासन और आपदा राहत दल जेसीबी मशीनों की मदद से मलबे को हटाने का काम कर रहे हैं। मलबे के नीचे से आवाजें आने के कारण बचाव दल को उम्मीद है कि कुछ मजदूर अभी भी जिंदा हो सकते हैं।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बचाव कार्य को युद्धस्तर पर चलाया जाए और घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराया जाए। कर्नाटक में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण कई जगहों पर जलभराव की स्थिति है। इस बारिश ने इस हादसे को और गंभीर बना दिया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पराली के धुएं से हरियाणा में छाया अंधेरा, सरकार ने 24 अधिकारी किए सस्पेंड, डाक्टरों ने किया अलर्ट

**अम्बाला (आरएनएस)।** हरियाणा में किसानों द्वारा जमकर पराली जलाई जा रही है। हालात ऐसे है कि हाईवे पर धुआं ही धुआं छाया हुआ है। बढ़ते प्रदूषण को लेकर सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। कृषि विभाग ने 24 अधिकारियों और कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया है। जानकारी के अनुसार इन अधिकारियों में एग्रीकल्चर डेवलपमेंट ऑफिसर से लेकर एग्रीकल्चर सुपरवाइजर के अलावा कर्मचारी भी शामिल है। कृषि विभाग के डायरेक्टर राज नारायण कौशिक की तरफ से 9 जिलों के अधिकारियों पर एक्शन लिया गया है। इसमें पानीपत, जींद, हिसार, कैथल, करनाल, अंबाला, फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र और सोनीपत के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। विभागीय सूत्रों के मुताबिक पराली जलाने के बढ़ रहे केसों पर कार्रवाई न होने पर अधिकारियों और कर्मचारियों पर एक्शन लिया गया है। हरियाणा में 14 शहरों का क्वालिटी इंडेक्स 300 से ऊपर दर्ज किया गया है।

### दिल्ली में खतरनाक स्तर पर पहुंचा प्रदूषण, आज से लागू होगा ग्रेप-2; जानिए किन चीजों पर रहेंगी पाबंदियां

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के पार यानी बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अलर्ट के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने आपात बैठक कर एनसीआर में ग्रेप (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) के दूसरे चरण को लागू कर दिया है। इसके तहत 11 सूत्रीय प्रविधानों और प्रतिबंधों को लागू किया गया है। इसमें आपात सेवाओं को छोडक़र आज मंगलवार सुबह आठ बजे से आवासीय, व्यावसायिक और औद्योगिक इकाइयों में डीजल जनरेटर पर रोक लगा दी गई है। सीपीसीबी की ओर से जारी देश के 238 शहरों के एक्यूआई रिपोर्ट के अनुसार सोमवार को दिल्ली देश में सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां का एक्यूआई 310 रहा। इससे पहले गत 19 अक्टूबर को एक्यूआई 306 था। अगले तीन दिन तक दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी। चार माह बाद राजधानी की हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में पहुंची है।

### नाबालिग से रेप मामले में एसपी कार्यालय पर लोगों का हंगामा, 44 नामजद समेत 100 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**बलिया (आरएनएस)।** शहर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत एसपी कार्यालय के प्रांगण और उसके बाहर सडक़ पर लगभग 100 की संख्या से ऊपर पहुंचे लोगो पर हंगामा करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की व गाली गलौज करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने एसपी के निर्देश पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। एसपी विक्रांत वीर ने बताया कि मामले 44 लोग नामजद जिनको मौके से गिरफ्तार किया गया है और 60 अज्ञात हैं। जांच में पाया जा रहा है कि यह लोग सुनियोजित ढंग से जनपद वाराणसी से गाजीपुर होते हुए यहां आए और सुनियोजित ढंग से हंगामा किया। इसमें प्रमुख रूप से आदित्य राजभर और रवि राजभर व अन्य लोग हैं। जिन्होंने कि गाडिय़ां, बाउंसर एवं प्राइवेट गनर हायर किए हैं। प्रकरण की गहराई से जांच की जा रही है और विधिक कार्यवाही की जा रही है। आप को बताते चले कि बलिया के पकड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत लगभग एक माह पूर्व एक नाबालिग लडक़ी के साथ दुष्कर्म के मामले में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे।

## लग्जरी कार में मिला 12.5 किलो सोना : जांच में जुटीं जीएसटी व इनकम टैक्स की टीम

**मथुरा । आरएनएस**




रात को यमुना एक्सप्रेस वे मांट टोल प्लाजा पर पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम वाहनों से होने वाली शराब अन्य तस्करी की टोह लेने में जुटी थीं। दीपावली पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने अवैध शराब की तस्करी रोकने के निर्देश दिये हैं। जिसके क्रम में आवकारी विभाग की टीमें पुलिस टीम के साथ मिल कर संयुक्त चेकिंग अभियान चला रही हैं। इसी बीच संयुक्त टीम ने दिल्ली से बिहार जा रही लग्जरी कार ऐंडीवर नम्बर यूपी 32 एएल 0033 को चेकिंग के लिए रोका। जिसमें साढ़े 12 किलो सोना के आभूषण बरामद हुए हैं। बरामद ज्वेलरी की कीमत करीब साढे छह करोड़ रुपये आंकी जा रही है। कार सवार इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दे सके। कुछ संदिग्ध पैकेट रखे हुए थे। जब उन्हें खोला तो सोना मिला। पुलिस ने कार में सवार विवेक गुप्ता निवासी सकरपुर दिल्ली और रमेश निवासी सिवान बिहार से सोने के बारे में जानकारी की तो वह कुछ भी नहीं बता सके। इंस्पेक्टर मांट राजित वर्मा ने बताया कि सोने के आभूषणों को देवरिया ले जाया जा रहा था। इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। जीएसटी, सेल टैक्स सहित अन्य टीमें सोने की जांच में जुटी हैं और कार सवार दोनों लोगों से लगातार पूछताछ की जा रही है। कार को भी कब्जे में ले लिया गया है। सीओ मांट गुंजन सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान यह सोना मिला है जो ज्वेलरी के रूप में डिग्गी में बैग में रखा था। अभी इस मामले की जांच चल रही है। जीएसटी और आयकर विभाग के अधिकारियों को सूचना दे दी गई थी। मांट थाना प्रभारी निरीक्षक राजीत वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सोना को देवरिया बिहार ले जाया जा रहा था, जिसकी जांच की जा रही है।

## देश भर के सीआरपीएफ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, खालिस्तानी लिंक की जांच में जुटी पुलिस

**नई दिल्ली । आरएनएस**

दिल्ली के रोहिणी इलाके में हुए विस्फोट के ठीक बाद देश भर के कई सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इन स्कूलों में दिल्ली और हैदराबाद के स्कूल भी शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, यह धमकी ई-मेल के जरिए भेजी गई है।

दिल्ली पुलिस इस मामले में खालिस्तानी लिंक की जांच कर रही है। सोमवार को दिल्ली पुलिस ने टेलीग्राम ऐप से उस चैनल के बारे में जानकारी मांगी है, जिस पर बम की धमकी दी गई थी। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को भी बम की झूठी धमकी मिली है।



रोहिणी विस्फोट के बाद बढ़ी सनसनी: रोहिणी में हुए विस्फोट में सीआरपीएफ स्कूल की दीवार उड़ गई थी, हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ था। लेकिन पास की दुकान का एक साइनबोर्ड और वहां पर खड़े वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा था। पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध के सीसीटीवी फुटेज बरामद किए हैं और विस्फोट से ठीक पहले साइट के पास देखे गए दो दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ की है।

सोशल मीडिया पर 'जस्टिस लीग इंडिया' का दावा: रविवार को हुए विस्फोट के कुछ घंटों बाद 'जस्टिस लीग इंडिया' नाम के एक चैनल का कथित टेलीग्राम पोस्ट सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था। पोस्ट में विस्फोट का एक वीडियो था जिसके नीचे 'खालिस्तान जिंदाबाद' वॉटरमार्क था।

पुलिस अलर्ट: दिल्ली पुलिस इन धमकियों को गंभीरता से ले रही है और मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस ने सभी संबंधित एजेंसियों को अलर्ट कर दिया है और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया गया है।

## पंजाब पुलिस ने लॉरेंस गैंग से जुड़े तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**चंडीगढ़ । आरएनएस**

पंजाब के मोगा जिले में पुलिस की सीआइए स्टाफ ने गुप्त सूचना के आधार पर दो अलग-अलग जगहों से चार लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से छह पिस्टल और बारह राउंड कारतूस बरामद हुए।

आरोपियों में से एक का संबंध पटियाला गैंग से है, जबकि अन्य तीन लॉरेंस गैंग से जुड़े हुए हैं। इन गैंग्स ने मोगा जिले में कई लोगों से फिरौती भी मांगी है और वे किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे, जिसे पुलिस ने सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया। पुलिस अब इस मामले की कई पहलुओं से जांच कर रही है, ताकि इससे जुड़े अन्य लोगों को भी दबोचा जा सके।

मोगा के एसएसपी अजय गांधी ने बताया कि सीआइए स्टाफ को एक सूचना मिली थी, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपी मोगा जिले के निवासी हैं। इनमें से एक, अर्शदीप सिंह है और इसका संबंध लक्की पटियाला गैंग से है। इस पर पहले से छह अलग-अलग धाराओं में आपराधिक मामले दर्ज हैं। अन्य तीन आरोपी, गुरप्रीत सिंह, गोबिंद सिंह और रामजोत सिंह, झंडेआना, फतेहगढ़ कोरोटाना और बीड राउके के निवासी हैं। इन तीनों पर भी पांच आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि वो इन सभी आरोपियों से पूछताछ करेगी।



पुलिस इस मामले में और भी जानकारी इक_I करने की कोशिश कर रही है ताकि इनके संगठनों के बारे में और तथ्य सामने आ सकें।

पुलिस के मुताबिक, इनके कई और साथी भी इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त हो सकते हैं, जिसे देखते हुए पुलिस इन आरोपियों से कई पहलुओं पर पूछताछ करेगी।

### करणी सेना ने किया बड़ा एलान, लॉरेंस बिश्नोई का एनकाउंटर करने वाले को मिलेगा 1,11,11,111 का इनाम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। उन्होंने लॉरेंस बिश्नोई के एनकाउंटर के लिए 1 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा कर दी है। उन्होंने एनकाउंटर करने वाले पुलिसकर्मी को 1,11,11,111 करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। उन्हें वीडियो में बोलते हुए सुना जा रहा है कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या लॉरेंस बिश्नोई के जरिए कराई गई थी। क्षत्रिय करणी सेना के एक्स हैंडल पर उनका वीडियो शेयर किया गया है, जिसमें उन्होंने कहा, परम आदरणीय अमर शहीद सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या लॉरेंस बिश्नोई के द्वारा कराई गई थी, जो पुलिसकर्मी लॉरेंस बिश्नोई का एनकाउंटर करेगा। उस पुलिसकर्मी को 1 करोड़ 11 लाख 11 हजार 1 सौ 11 करोड़ रुपये का पुरस्कार करणी सेना के तरफ से दिया जाएगा। बता दें लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गोल्डी बरार ने सोशल मीडिया पर गोगामेड़ी की हत्या की जिम्मेदारी ली थी। उसने कहा था कि गोगामेड़ी को उसने दो से तीन बार चेतावनी दी थी लेकिन वह नहीं माना। इसलिए शूट कर दिया। अब करणी सेना के राज शेखावत ने लॉरेंस बिश्नोई के एनकाउंटर की बात कही है।

## कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा बना रहा था नया आतंकी संगठन, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने छापेमारी कर किया भंडाफोड़

**श्रीनगर । आरएनएस**

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में रविवार को बड़ा आतंकी हमला हुआ। इस आतंकी हमले में 7 लोगों की जान चली गई। इस हमले के तार दुश्मन देश पाकिस्तान से जुड़े हैं। जम्मू कश्मीर पुलिस के काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर विंग ने स्थानीय आतंकियों की भर्ती का पता लगाते हुए आज सुबह 7 जिलों में छापेमारी की है। छापेमारी से कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा द्वारा टीआरएफ की तर्ज पर तैयार किया जा रहा तहरीक-ए- लब्बैक या मुस्लिम नामक आतंकी संगठन बनाने का षड्यंत्र विफल हो गया।

यह छापेमारी श्रीनगर, गांदरबल, बांडीपोर, कुलगाम, बडगाम, अनंतनाग और पुलवामा में हुई है। इसका हैंडलर बाबा हमास नामक एक पाकिस्तानी आतंकी बताया जा रहा है। छापेमारी के दौरान टीएलएम से जुड़े कुछ नए आतंकियों और ओवर ग्राउंड वर्करों को भी पकड़ा गया है।

बता दें कि जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में रविवार रात हुए आतंकी हमले में 6 मजदूर और एक डॉक्टर की मौत हो गई। आतंकियों ने एक प्राइवेट कंस्ट्रक्शन कंपनी के कैंप पर गोलीबारी की। जहां सुरंग का निर्माण कर रहे मजदूर रहते थे। सेना और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर एक आतंकवादी को मार गिराया था। इस आतंकी के पास से हथियारों का जखीरा बरामद किया गया है। इस आतंकी हमले की जांच के लिए दिल्ली से टीमें कश्मीर गई हुई हैं।

## महाराष्ट्र : मर्सडीज से हिट एंड रन मामले में 21 साल के लड़के की मौत, आरोपी फरार

**ठाणे । आरएनएस**

महाराष्ट्र के ठाणे शहर में सोमवार देर रात हिट एंड रन का मामला सामने आया है। यहां पर मर्सडीज से हुए एक्सीडेंट में बाइक सवार 21 वर्षीय लडक़े की मौत हो गई। वहीं, एक्सीडेंट के बाद आरोपी फरार हो गया।

ठाणे की नौपाडा पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान दर्शन हेगड़े के रूप में हुई, जिसकी उम्र 21 वर्ष बताई जा रही है। सोमवार देर रात मृतक युवक कुछ खाने का सामान लेकर अपने घर की तरफ लौट रहा था, ठीक उसी वक्त नासिक हाईवे की तरफ जाने वाली एक मर्सिडीज कार ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। एक्सीडेंट के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

बता दें कि पुलिस ने इस मामले में हिट एंड रन का केस दर्ज किया है। वहीं, जिस कार से एक्सीडेंट हुआ है, उसको जब्त करके आगे की जांच की जा रही है। घटनास्थल पर मौजूद सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। एक्सीडेंट के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

केस को लेकर नौपाडा पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शैलेश सालवी ने बताया कि एक्सीडेंट में जान गंवाने वाला 21 वर्षीय दर्शन हेगड़े अपनी टीवीएस बाइक से जा रहा था। रात में करीब 1.50 बजे एक मर्सिडीज कार ने उसकी बाइक को टक्कर मारी है, जिसमें दर्शन की मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि इस केस को लेकर नौपाडा पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया है और मामले की जांच की जा रही है। आरोपी को पकडऩे के लिए दो टीम बनाई गई है। आरटीओ से जानकारी जुटाई जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। यह घटना नौपाडा पुलिस स्टेशन के क्षेत्र में हुई है।

## महाकुंभ क्षेत्र के चप्पे-चप्पे पर नजर रखेगी कुंभ पुलिस की तीसरी आंख

**प्रयागराज । आरएनएस**

महाकुंभ-2025 के दौरान मेला क्षेत्र के चप्पे-चप्पे पर तीसरी आंख से नजर रखी जाएगी। इसके लिए आर्टिफिशियल लाइसेंस वाले सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के अलावा मोबाइल टॉवर्स पर हाई रिजॉल्यूशन वाले कैमरों को इंस्टॉल किया जाएगा। ये कैमरे इतने हाई रिजॉल्यूशन के होंगे कि संगम तट, विभिन्न घाट और प्रमुख मार्गो पर होने वाली एक-एक गतिविधि पर नजर रखेंगे और सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने में कुंभ पुलिस की मदद करेंगे।

महाकुंभ के दौरान कुंभ पुलिस द्वारा पूरे मेला क्षेत्र में 2,700 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है, जिसमें आधे से ज्यादा एआई लाइसेंस्ड युक्त कैमरे भी शामिल हैं।



एसएसपी महाकुंभ राजेश द्विवेदी के अनुसार, इस बार महाकुंभ-2025 में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। खासतौर पर प्रमुख स्नान के दौरान ये संख्या करोड़ों में पहुंच सकती है। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और किसी तरह की कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए हर अधिकारी मुस्तैदी से कार्य कर रहा है।

इसी क्रम में कुंभ पुलिस पहली बार तीन से चार टीथर्ड कैमरों का इस्तेमाल करने की योजना बना रही है। ये कैमरे एक बड़े बलून के साथ रस्सी से बांधकर एक निश्चित ऊंचाई पर तैनात किए जाते हैं, जहां से ये पूरे मेला क्षेत्र में नजर रख सकेंगे। हालांकि, इन कैमरों को 6 से 7 घंटे में एक बार नीचे लाना जरूरी होता है। ऐसे में मोबाइल टॉवर्स पर हाई रिजॉल्यूशन वाले कैमरों को लगाने की योजना है। इन्हें बार-बार उतारना भी नहीं पड़ेगा और ये पूरे मेला क्षेत्र पर अपनी पैनी नजर से निगरानी कर सकने में सक्षम होंगे।

उन्होंने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र में बड़ी संख्या में मोबाइल टॉवर्स लगाने का कार्य प्रगति पर है। इनमें ऐसे टॉवर्स चिह्नित किए जाएंगे, जो प्रमुख स्थलों के करीब हों। जैसे संगम तट, वो घाट जहां सर्वाधिक भीड़ होगी और प्रमुख मार्ग जहां से सर्वाधिक श्रद्धालुओं का आवागमन होगा। इन्हीं चिह्नित टॉवर्स पर ये हाई रिजॉल्यूशन कैमरे इंस्टॉल किए जाएंगे। हाई रिजॉल्यूशन के कारण ये कैमरे बहुत दूर तक देख पाएंगे। इससे कंट्रोल रूम को मेला क्षेत्र की हर एक महत्वपूर्ण फुटेज प्राप्त हो सकेगी। इसके माध्यम से अत्यधिक भीड़भाड़ वाले स्थानों को चिह्नित कर वहां तत्काल पुलिस का प्रबंध किया जा सकता है। वहीं, किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि पर भी नजर रखी जा सकती है।

उन्होंने बताया कि अभी कितने कैमरे लगाए जाएंगे, ये सुनिश्चित नहीं है। लेकिन, जल्द ही इसकी रूपरेखा तैयार कर महाकुंभ मेला की शुरुआत से पहले इन्हें क्रियान्वित कर लिया जाएगा। सरकार की मंशा के अनुरूप महाकुंभ-2025 को पूरी तरह सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए कुंभ पुलिस प्रतिबद्ध है। सुरक्षा की दृष्टि से हर एक पहलू पर बारीकी से काम किया जा रहा है। कुंभ की निगरानी इसका महत्वपूर्ण पहलू है, जिसमें हम कई इनोवेटिव आइडियाज पर कार्य कर रहे हैं।